# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

## आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर
## ZONAL INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING, BHUBANESWAR

# दीक्षण

तिमाही ई-पत्रिका (अक्टूबर-दिसम्बर 2025)

**थीम:**
**"शिक्षा से सेवा तक: 63 वर्षों की गौरवशाली परंपरा"**

## हमारे संरक्षक



**श्री विकास गुप्ता,** भा. प्र. से.
आयुक्त
के. वी. सं. मुख्यालय



**श्री नगेंद्र गोयल**
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)
के. वी. सं. मुख्यालय



**डॉ अनुराग यादव**
उपायुक्त एवं निदेशक
के. वी. सं. जीट भुवनेश्वर

Website: http://www.zietbhubaneswar.kvs.gov.in
Blog: https://zietbbsronline.blogspot.com
https://www.facebook.com/ziet.bhubaneswar.9
https://twitter.com/zietbhubaneswar



# निदेशक की कलम से.........

प्रिय शिक्षकों, प्रशिक्षुओं एवं सम्मानित सहभागियों,

हमारे संस्थान के इस त्रैमासिक ई-पत्रिका (ऑक्टोबर-दिसम्बर 2025) का प्रकाशन ऐसे समय में हो रहा है, जब केन्द्रीय विद्यालय संगठन अपने 63वें स्थापना दिवस का उत्सव मना रहा है । यह गौरवपूर्ण अवसर गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं मूल्याधारित शिक्षा प्रदान करने की के.वि.सं. की दीर्घकालिक परंपरा और प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने में कर्मचारी प्रशिक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। के.वि.सं. की दृष्टि और मूल्यों से संबद्ध एक प्रशिक्षण संस्थान के रूप में, हम ऐसे शिक्षकों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो व्यावसायिक रूप से दक्ष, नैतिक रूप से सुदृढ़ तथा शिक्षार्थियों की बदलती आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हों। गत तिमाही के दौरान आयोजित गतिविधियाँ, क्षमता संवर्धन कार्यक्रम, प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक अधिगम पहलें इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती हैं।

के.वि.सं. के 62 वर्षों की उत्कृष्टता की भावना के अनुरूप, हमारा निरंतर प्रयास आधारभूत दक्षता आधारित शिक्षण को सुदृढ़ करने, नवाचार को अपनाने, प्रौद्योगिकी के समावेशन तथा राष्ट्रीय शैक्षिक प्राथमिकताओं के अनुरूप बाल-केन्द्रित एवं समावेशी शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करने का है । इन आदर्शों को साकार करने में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं की निष्ठा और उत्साह प्रशंसनीय है।

इस विशेष अवसर पर, मैं के.वि.सं. और हमारे संस्थान की प्रगति एवं सफलता में योगदान देने वाले सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। आइए, इस गौरवपूर्ण यात्रा से प्रेरणा लेते हुए भावी पीढ़ियों के लिए जिम्मेदार, सक्षम एवं आत्मविश्वासी नागरिकों का निर्माण करने वाले शिक्षकों को तैयार करने के अपने संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करें।

नववर्ष 2026 में निरंतर सफलता एवं समृद्ध शैक्षणिक यात्रा हेतु शुभकामनाएं ।

धन्यवाद,

**डॉ. अनुराग यादव**
**निदेशक**

**संपादक-मंडल**

**श्री डी. विक्रम कुमार वर्मा**
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

**श्री राजेश कुमार गड़तीया**
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

# भारत का स्वर्णिम गौरव –
# ‘केन्द्रीय विद्यालय संगठन’

*विश्व स्तर की है ये संस्था,*
*भारतीयता पर है अमिट आस्था,*
*नाम है इसका केन्द्रीय विद्यालय संगठन,*
*अग्रणी संस्थाओं में होता है इसका स्मरण।*

*जो विद्या के पटल पर चमका बनकर तारा,*
*जिसका जयकार करे भारत वर्ष सारा,*
*उस के. वि. के डाल का पंछी हूं*
*मैं के. वि. का गीत सुनाऊंगा।*

*जिस संस्था ने मुझमें भरी अविचल आशा,*
*जिस संस्था ने लाखों नागरिकों को तराशा,*
*उस बगिया का मैं माली हूं,*
*सदाचार के बीज बोता जाऊंगा।*

*विद्यार्थी के रूप में मैंने सदा इसका गुणगान किया,*
*शिक्षक बनकर मैंने कई छात्रों का चरित्र निर्माण किया,*
*लिया है यह प्रण मैंने आज और सदैव,*
*नन्हे मुन्नों को सुदृढ़ और सकुशल बनाऊंगा।*

*केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मात्र एक संस्था नही,*
*यह भावनाओं का समागम है,*
*विविधता में एकता का यह,*
*एक अद्भुत और अमूल्य संगम है।*
*मुझे गर्व है मेरी संस्था पर,*
*नित इसका परचम लहराऊंगा।*

डी. विक्रम कुमार वर्मा
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

**“शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का सुदृढ़ीकरण - केवीएस का संकल्प।”**

# प्रशिक्षण पर एक नजर
## ***Trainings at a glance***

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 13 से 17 ऑक्टोबर 2025<br>13 to 17 October 2025 | 'स्टीम एकीकरण के माध्यम से समग्र विज्ञान शिक्षा' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (विज्ञान) हेतु कार्यशाला<br>Workshop for TGTs (Science) on 'Holistic Science Education Through STEAM Integration' | 37 |
| 2 | 13 से 17 ऑक्टोबर 2025<br>13 to 17 October 2025 | 'कुशल संसाधन प्रबंधन और वितरण के लिए वेब टूल्स का लाभ उठाना' पर पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु कार्यशाला (समूह-1)<br>Workshop for Librarians on ' Leveraging Web Tools for Efficient Resource Management and Distribution' (Batch-1) | 37 |
| 3 | 14 से 15 ऑक्टोबर 2025<br>14 to 15 October 2025 | "युवा शिक्षार्थियों में 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु ऑनलाइन कार्यशाला (समूह-3)<br>Workshop for PRTs on 'Fostering 21st Century Skills in Young Learners' (Batch-3) ONLINE | 58 |
| 4 | 29 से 31 ऑक्टोबर 2025<br>29 to 31 October 2025 | 'राजभाषा कार्यान्वियन' पर राजभाषा प्रभारियों हेतु कार्यशाला (समूह-4)<br>Workshop on 'Rajbhasha Implementation' (Batch-4) | 39 |
| 5 | 29 से 30 ऑक्टोबर 2025<br>29 to 30 October 2025 | "युवा शिक्षार्थियों में 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु ऑनलाइन कार्यशाला (समूह-4)<br>Workshop for PRTs on 'Fostering 21st Century Skills in Young Learners' (Batch-4) ONLINE | 56 |
| 6 | 06 से 07 नवंबर 2025<br>06 to 07 November 2025 | 'समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस कटिंग थीम को एकीकृत करना' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों हेतु ऑनलाइन (समूह-1)<br>Workshop for TGTs on 'Integrating Cross-Cutting Themes for Holistic Education' (Batch-1) ONLINE | 58 |
| 7 | 10 से 14 नवंबर 2025<br>10 to 14 November 2025 | 'कुशल संसाधन प्रबंधन और वितरण के लिए वेब टूल्स का लाभ उठाना' पर पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु कार्यशाला (समूह-2)<br>Workshop for Librarians on ' Leveraging Web Tools for Efficient Resource Management and Distribution' (Batch-2) | 48 |

**"हर छात्र में उत्कृष्टता, हर विद्यालय में विश्वास"**
**– के. वी. एस.**

# प्रशिक्षण पर एक नजर
# Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 8 | 10 से 14 नवंबर 2025<br>10 to 14 November 2025 | 'योग्यता-आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बढ़ाना' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (सामाजिक विज्ञान) हेतु कार्यशाला (समूह -2)<br>Workshop for TGTs (Social Science) on 'Enhancing Social Science Teaching through Competency based Learning Approach' (Batch-2) | 48 |
| 9 | 17 से 21 नवंबर 2025<br>17 to 21 November 2025 | 'एनसीएफ एसई 2023 के प्रकाश में जीव विज्ञान में शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन' पर स्नातकोत्तर शिक्षक (जीव विज्ञान) हेतु कार्यशाला<br>Workshop for PGTs (Biology) on ' Pedagogy and Assessment in Biology in the light of NCF SE 2023' | 38 |
| 10 | 17 से 21 नवंबर 2025<br>17 to 21 November 2025 | 'योग्यता-आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षण को बढ़ाना' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी) हेतु कार्यशाला<br>Workshop for TGTs (English) on 'Enhancing English Teaching through Competency based Learning Approach' | 38 |
| 11 | 18 से 19 नवंबर 2025<br>18 to 19 November 2025 | 'समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस कटिंग थीम को एकीकृत करना' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों हेतु ऑनलाइन (समूह-2)<br>Workshop for TGTs on 'Integrating Cross-Cutting Themes for Holistic Education' (Batch-2) ONLINE | 55 |
| 12 | 20 से 21 नवंबर 2025<br>20 to 21 November 2025 | 'समावेशी शिक्षा' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु आनलाईन कार्यशाला (समूह-2)<br>Workshop for PRTs on 'Inclusive Education' (Batch-2) ONLINE | 52 |
| 13 | 26 से 27 नवंबर 2025<br>26 to 27 November 2025 | 'समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस कटिंग थीम को एकीकृत करना' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों हेतु ऑनलाइन (समूह-3)<br>Workshop for TGTs on 'Integrating Cross-Cutting Themes for Holistic Education' (Batch-3) ONLINE | 60 |
| 14 | 08 से 12 दिसम्बर 2025<br>08 to 12 December 2025 | 'एनईपी 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संगीत शिक्षकों की क्षमता निर्माण' पर प्राथमिक शिक्षक (संगीत) हेतु कार्यशाला (समूह-1)<br>Workshop for PRTs (Music) on 'Capacity Building of Music Teachers for effective implementation of NEP-2020' (Batch-1) | 39 |

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN:**
**Educating India, Uniting the Nation."**

# प्रशिक्षण पर एक नजर
# Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 15 | 09 से 10 दिसम्बर 2025<br>09 to 10 December 2025 | 'समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस कटिंग थीम को एकीकृत करना' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों हेतु ऑनलाइन (समूह-4)<br>Workshop for TGTs on 'Integrating Cross-Cutting Themes for Holistic Education' (Batch-4) ONLINE | 56 |
| 16 | 15 से 16 दिसम्बर 2025<br>15 to 16 December 2025 | 'समावेशी शिक्षा' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु आनलाईन कार्यशाला (समूह-3)<br>Workshop for PRTs on 'Inclusive Education' (Batch-3) ONLINE | 60 |
| 17 | 15 से 19 दिसम्बर 2025<br>15 to 19 December 2025 | 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग के साथ कक्षा क्रियाकलाप में बदलाव' पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों हेतु कार्यशाला<br>Workshop for TGTs on 'Transforming Classroom Transactions with Application of Artificial Intelligence' | 45 |
| 18 | 16 से 18 दिसम्बर 2025<br>16 to 18 December 2025 | 'विद्यालय सुरक्षा एवं संरक्षा - विद्यालयों में अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना' पर प्रधानाध्यापकों हेतु कार्यशाला (समूह-2)<br>Workshop for HMs on 'School Safety & Security - ensuring conducive environment in Schools' (Batch-2) | 34 |



# प्रशिक्षण सहयोगियों का सतत व्यावसायिक विकास
## Continuous Professional Development of Training Associates

- संस्थान के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि श्री बिश्व बाग, प्रशिक्षण सहयोगी (पुस्तकालय) को मिजोरम केंद्रीय विश्वविद्यालय, आइजोल के पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग द्वारा 'ओडिशा के चयनित तकनीकी संस्थानों में अनुसंधान सहायता सेवाएं: एक अन्वेषणात्मक अध्ययन' विषय पर उनके शोध प्रबंध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया गया।
- Mr. D. Vikram Kumar Varma, TA (Pri.) completed 06-Day Course on 'Training Needs Analysis' from 17 to 22 November 2025 sponsored by DoPT, Govt. of India and conducted by Haryana Institute of Public Administration (HIPA), Gurugram.
- Mr. Biswa Bag, TA (Library) attended a 05-Day face-to-face workshop on 'Development of Online Course for Master Trainers of Kendriya Vidyalaya Sangathan' from 01 to 05 December 2025 organized by CIET-NCERT. New Delhi.
- Mr. Suryakanta Nanda, TA (Maths) attended a 01-Day Workshop on 'Panchpadi Approach in the light of NEP 2020 and NCF 2023: Towards Holistic and Experiential Learning' on 04 December 2025 by Govt. college of Education, Jammu and School of Teacher Education, Cluster University of Jammu.
- The following Training Associates completed 03-Day Online Training on 'Cyber Safety and Security for the Master Trainers of States/UTs and Autonomous Organisations' conducted by CIET, NCERT, New Delhi.
- Mrs. Lopamudra Panigrahi, TA (Chemistry) : From 09 to 11 December 2025
- Mr. Viswanath Jaiswal, TA (Commerce) : From 16 to 18 December 2025









# के.वि.सं. प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह 2025

के.वि.सं. मुख्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर में 06 से 11 अक्टूबर 2025 तक 'प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह – 2025' मनाया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षताओं को बढ़ाना, सहयोग को बढ़ावा देना और नवीन शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य निरंतर व्यावसायिक विकास और सर्वोत्तम शिक्षण पद्धतियों का आदान-प्रदान करना था।

पूरे सप्ताह के दौरान, कई तरह की रोचक गतिविधियाँ और सत्र आयोजित किए गए:

**06.10.2025:** इस सप्ताह का औपचारिक उद्घाटन दो प्रख्यात शिक्षाविदों, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. ए.के. मोहंती और डॉ. एस.के. सतपती, द्वारा किया गया। उनके प्रेरणादायक भाषण में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के महत्व पर जोर दिया गया और के.वि.सं. की शिक्षक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई। इसके बाद 6 फीडर संभागों (भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कोलकाता, रांची, सिलचर और तिनसुकिया) के शिक्षकों द्वारा कला और प्रौद्योगिकी एकीकृत पाठ योजनाओं की प्रस्तुति हुई।

**07.10.2025:** कला और प्रौद्योगिकी एकीकृत पाठ योजनाओं की प्रस्तुतियाँ दूसरे दिन भी जारी रहीं, जिसमें व्यक्तिगत शिक्षकों के साथ-साथ कला शिक्षकों सहित दो शिक्षकों की टीम ने बताया कि उन्होंने कक्षा में सार्थक शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए कला को विभिन्न विषयों के साथ कैसे एकीकृत किया। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर के प्रख्यात शिक्षाविद दूसरे दिन भी ज्यूरी सदस्य के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने प्रस्तुतियों के दौरान अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

**08.10.2025:** तीसरे दिन प्राथमिक शिक्षकों द्वारा एफ.एल.एन. पाठ योजनाओं की प्रस्तुति की गई जिसमे प्रतिभागियों ने अपनी सर्वोत्तम पद्धतियों, कक्षा में किए गए नवाचारों और सफलता की कहानियों को भी साझा किया। बुनियादी स्तर के विभिन्न विषयों में आदर्श पाठ योजनाएँ साझा की गईं। शिक्षकों ने समावेशी शिक्षा से संबंधित परियोजनाएँ भी प्रस्तुत कीं, जिनमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और समावेशी शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. पी.के. मोहंती, पूर्व कुलपति, खल्लीकोट विश्वविद्यालय, ब्रह्मपुर, मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में, शिक्षार्थियों में 21वीं सदी के कौशल को विकसित करने के महत्व और छात्रों के समग्र शिक्षा को सुनिश्चित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विजेताओं के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को उनके अनुकरणीय योगदान और नवोन्मेषी पद्धतियों के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा के.वि.सं. के शिक्षकों के लिए विशेष रूप से वेबिनारों की एक श्रृंखला आयोजित की गई ।

**09.10.2025:** विषय - 'जादुई पिटारा'/समय - सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ।

वेबिनार का संचालन एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली के प्राथमिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीति सनवाल और विभाग की प्रोफेसर डॉ. पद्मा यादव ने किया। इस रोचक सत्र में नवीन और मनोरंजक शिक्षण सामग्री पर चर्चा की गई, जो युवा शिक्षार्थियों के लिए मूलभूत शिक्षा को अधिक आनंददायक, समावेशी और प्रभावी बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

# के.वि.सं. प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह 2025

**11.10.2025:** विषय - 'क्रियात्मक अनुसंधान' / समय - सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ।

इस सत्र में एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली के शिक्षक शिक्षा विभाग की प्रमुख प्रोफेसर शरद सिन्हा ने बताया कि शिक्षक किस प्रकार कक्षा की चुनौतियों का विश्लेषण कर सकते हैं और चक्रीय प्रक्रिया का उपयोग करके समाधान विकसित कर सकते हैं। उन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया कि क्रियात्मक अनुसंधान किस प्रकार शिक्षकों को रोजमर्रा की समस्याओं को व्यावसायिक विकास और छात्रों की बेहतर शिक्षा के अवसरों में बदलने में मदद कर सकता है।

**16.10.2025:** विषय - 'शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन में प्रौद्योगिकी-शिक्षाशास्त्र का एकीकरण'/ समय - सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ।

सी.आइ.ई.टी., एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस वेबिनार मे डॉ. एंजेल रत्नाबाई एस, एसोसिएट प्रोफेसर, ने शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन में प्रौद्योगिकी के एकीकरण की संभावनाओं पर प्रकाश डाला । उन्होंने विभिन्न डिजिटल उपकरणों और प्लेटफार्मों का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों और अधिगम स्तरों पर उनके अनुप्रयोगों को दर्शाया। प्रस्तुति में विषयवस्तु, शिक्षार्थी की आवश्यकताओं और संदर्भ को ध्यान में रखते हुए, विचारपूर्वक एकीकरण के महत्व पर बल दिया गया।

प्रशिक्षण एवं विकास सप्ताह 2025 एक सार्थक पहल साबित हुआ, जिसने राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षकों को सशक्त बनाने के के.वि.सं. के मिशन की पुष्टि की। इस समारोह ने न केवल शिक्षकों की कड़ी मेहनत को मान्यता दी, बल्कि प्रत्येक शिक्षार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। यह विशेष उत्सव सीखने, सहयोग और व्यावसायिक विकास की एक समृद्ध यात्रा रही। यह पहल केवल कौशल विकास के बारे में नहीं थी—यह शिक्षण के प्रति जुनून को पुनर्जीवित करने, टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देने और एक ऐसे शिक्षण समुदाय का निर्माण करने के बारे में थी जो साथ मिलकर आगे बढ़े।








# संस्थान की गतिविधियां

**29 से 31 ऑक्टोबर 2025: ऑक्टोबर - दिसम्बर 2025 तिमाही के लिए राजभाषा कार्यशाला**














**27 ऑक्टोबर से 02 नवंबर 2025 : सतर्कता जागरूकता सप्ताह (सत्यनिष्ठा शपथ / प्रश्नोत्तरी / कविता पाठ)**

# संस्थान की गतिविधियाँ

## 31 ऑक्टोबर 2025 : राष्ट्रीय एकता दिवस
(एकता दिवस / लोहपुरुष को श्रद्धांजलि / एकता प्रतिज्ञा)















02 दिसम्बर 2025: ऑक्टोबर – दिसम्बर 2025 तिमाही के लिए राजभाषा बैठक
( प्रभारी द्वारा प्रस्तुति / उपस्थित कर्मचारी / विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा )

# संस्थान की गतिविधियाँ

## 15 दिसम्बर 2025 : के.वि.सं. का 63 वां स्थापना दिवस

(स्थापना दिवस कार्यक्रम / उद्घाटन / निदेशक महोदय का संदेश)




ज्ञान का दीप जला हर आँगन,
अनुशासन संग संस्कार सिखाए,
उत्तर से दक्षिण, पूरब-पश्चिम,
एकता का सेतु केवीएस बनाए।

नव सोच, नई राह, मूल्य महान,
हर छात्र में छुपा उजियारा,
राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त करे,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन हमारा।

# प्रशिक्षण की झलकियां








'पुस्तकालय मे कुशल संसाधन प्रबंधन और वितरण के लिए वेब टूल्स का लाभ उठाना' पर 05-दिवसीय कार्यशाला







'स्टीम एकीकरण के माध्यम से समग्र विज्ञान शिक्षा' पर 05-दिवसीय कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां




'युवा शिक्षार्थियों में 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना' पर 02-दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला




'समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस कटिंग थीम को एकीकृत करना' पर 02-दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां



‘योग्यता-आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बढ़ाना' पर 05-दिवसीय कार्यशाला




'एनसीएफ एसई 2023 के प्रकाश में जीव विज्ञान में शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन' पर 05-दिवसीय कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां



05-Day Workshop on 'Enhancing English Teaching through Competency based Learning Approach'




02-Day Online Workshop on 'Inclusive Education'

# प्रशिक्षण की झलकियां




05-Day Workshop on 'Capacity Building of Music Teachers for effective implementation of NEP-2020'




05-Day Workshop on 'Transforming Classroom Transactions with Application of Artificial Intelligence'

# प्रशिक्षण की झलकियां



03-Day Workshop on 'School Safety & Security - ensuring conducive environment in Schools'




## सीख, सेवा और संकल्प साथ,
## केवीएस दिखाए उज्ज्वल पाथ।

## प्रतिभागियों के विचार.../Participants Speak...



*13 से 17 ऑक्टोबर 2025 तक 'वेब टूल्स' पर जीट भुवनेश्वर के द्वारा आयोजित कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा । कार्यशाला में अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी गतिविधियों के माध्यम से डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया गया। विभिन्न सत्रों में वेब टूल्स जैसे- बुक क्रिएटर, पैडलेट, स्टोरी जंपर, कैनवा, क्विज़िज़, एपिक आदि के प्रयोग के विषय में गहन जानकारी प्राप्त हुई। इन सभी वेब टूल्स का उपयोग करके विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और आत्म अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित किया जा सकता है। सभी प्रशिक्षण सत्र फलदायी, प्रभावी, आकर्षक, सरल और प्रयोगात्मक शिक्षण अनुभवों से भरे रहे। इस कार्यशाला ने मेरे आत्मविश्वास, रचनात्मकता और ज्ञान स्तर को बढ़ाने के साथ शिक्षण व्यवसाय में लागू करने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान की है।*

***श्रीमती अन्नू, पुस्तकालयाध्यक्ष, कें.वि. ऐज़वाल (सिलचर संभाग)***

The 05-Day Workshop on 'Holistic Science Education through STEAM integration' from 13 to 17 October 2025 was a valuable learning experience that enhanced my understanding of innovative teaching practices. It gave an overview of Competency based Education in Science education at Middle stage. The sessions were practical covering experiential leaning and Competency based Assessment. AI tools for holistic Science education were also introduced through creative group activities. The national programmes like NCSC, INSPIRE, PRAYAS, RBVP etc. were dealt with very insightfully. Overall it was a highly useful and interactive workshop.

**Ms. Sonal, TGT (Science), PM SHRI KV Bondamunda (Bhubaneswar Region)**





*आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा दिनांक 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक तीन दिवसीय 'राजभाषा कार्यान्वयन' कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित सभी सत्र अत्यंत रुचिकर, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक दृष्टि से उपयोगी रहे। विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा राजभाषा नीति, उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया, तथा कार्यालयी कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग पर विस्तृत एवं अनुभवजन्य मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को राजभाषा के प्रावधानों की गहन जानकारी प्राप्त हुई तथा विद्यालय स्तर पर राजभाषा के कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी, संगठित एवं परिणामोन्मुख बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए।*

***डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा, स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी), पीएम श्री के.वि. अलोंग (तिनसुकिया संभाग)***

The 05-Day workshop on 'Leveraging web tools for efficient resource management and distribution' held at ZIET Bhubaneswar from 10 to 14 November 2025 was very informative and enriching. The sessions were aligned with the digital needs of today's libraries. Learning the latest digital tools helped me understand how technology can make library services more interactive and efficient. The workshop also provided clarity on the KVS Library management guidelines 2025. The hands-on practice made me confident in using tech-tools for reading promotion and resource management.

**Mr. Debabrata Naskar, Librarian, PM SHRI KV No.2 Kanchrapara (Kolkata Region)**





Attending the 05-Day Workshop on 'Enhancing Social Science teaching through Competency based Learning Approach' at ZIET from 10 to 14 November 2025 was a wonderful experience. It was a well-structured training thoughtfully designed for providing practical strategies that can be directly applied in the classroom. The environment throughout the workshop was very positive, supportive and conducive to learning which made participation even more enjoyable. Overall the combination of meaningful sessions and a warm environment made this workshop truly memorable.

**Ms. Sristee Kumari, TGT (Social Science), PM SHRI KV Miao (Tinsukia Region)**

***जहाँ सपने बनें सच, मेहनत पाए मान,***
***वहीं से गूँजें उपलब्धियाँ—KVS की शान।***

# प्रतिभागियों के विचार.../Participants Speak...



The Workshop on 'Enhancing English Teaching through Competency based Learning Approach' held at ZIET Bhubaneswar from 17 to 21 November 2025 was captivating and insightful. The sessions and activities were coupled with live and practical examples. Sessions such as NEP 2020, NCF SE 2023, competency based lesson planning, different pedagogical approaches, assessment strategies, teaching all elements of English language, Action research, use of ICT in language learning etc. were quite fascinating and innovative as well as enriching.

**Mr. Mrutunjaya Dash, TGT (English), PMSHRI KV No. 3 Bhubaneswar**

*'समग्र शिक्षा के लिए क्रॉस-कटिंग थीम को एकीकृत करना' विषय पर गुवाहाटी और सिलचर संभागों के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों के लिए आयोजित 02-दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति और पाठ्यचर्या रूपरेखा को समझने तथा उसे शिक्षण में प्रभावी रूप से लागू करने की हमारी क्षमता को सुदृढ़ करने मे सहायक सिद्ध हुई । सत्रों में शैक्षिक प्रोद्योगिकी, मार्गदर्शन एवं परामर्श, पर्यावरण शिक्षा, समावेशी शिक्षा तथा 21 वीं सदी के कौशल जैसी प्रमुख क्रॉस-कटिंग थीम्स को शामिल किया गया था जिससे अवधारणात्मक स्पष्टता के साथ-साथ व्यावहारिक रणनीतियां भी प्राप्त हुई । समूह कार्य, केस स्टडी, प्रस्तुतियाँ और चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों ने मिलकर विषय-समेकित गतिविधियां तैयार की । यह कार्यशाला अत्यंत सहभागितापूर्ण एवं चिंतनशील रही, जिसने शिक्षकों को छात्रों के समग्र विकास हेतु व्यावहारिक एवं क्रियान्वयन योग्य विचार प्रदान किए ।*

***सुश्री सुस्मिता दास, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका(गणित), पीएमश्री के.वि. गोलपारा (गुवाहाटी संभाग)***





Participating in the 05-Day workshop conducted by ZIET Bhubaneswar from 17 to 21 November 2025 on 'Pedagogy and Assessment in Biology in the light of NEP 2020' was a vivid learning experience for me where we learned, discussed and got enlightened by various sessions like Competency based Education, Curricular goals, learning outcomes, lesson planning, inclusive education and many more. With changing times, teachers also need to evolve themselves and workshops like this keep us updated to meet the needs of the present generation learners.

**Mr. Anirban Basak, PGT (Biology), PM SHRI KV Panagarh (Kolkata Region)**

*The 05-Day workshop on 'Capacity Building of Music Teachers for effective implementation of NEP 2020' was truly enriching and impactful. It provided valuable insights into innovative teaching methods, competency-based learning & the integration of Arts in to holistic education. The sessions strengthened teachers' skills, encouraged creativity and inspired a renewed commitment to delivering music education in line with NEP 2020. Overall, it was a meaningful and motivating experience for all participants.*

***Mrs. Juhi Kaushik, PRT (Music), KV ONGC Nazira (Guwahati Region)***





The 03-Day workshop on the topic 'School Safety and Security- Ensuring conducive environment in schools' was a vision based workshop which enhanced the knowledge and skills of the participants. The objectives were crisp and clear and the sessions were relevant, delivered with utmost precision. Different activities and group discussions were conducted which made the sessions interactive, useful and interesting. Practical examples helped the participants to understand the concepts with a spirit and hope to deliver the matter in a right way after going back to their respective schools. I look forward to attending more such workshops in future also.

**Mrs. Seema Singh, PRT, KV Tarakeswar (Kolkata Region)**

**शिक्षा से संस्कृति, संस्कृति से शक्ति,**
**केवीएस दे भारत को प्रगति।**

# धन्यवाद

**“यह नववर्ष केवीएस परिवार के लिए सफलता,**
**नवाचार और सद्भाव से परिपूर्ण हो।”**


Website: http://www.zietbhubaneswar.kvs.gov.in
Blog: https://zietbbsronline.blogspot.com
https://www.facebook.com/ziet.bhubaneswar.9
https://twitter.com/zietbhubaneswar